भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 451

जिसका उत्तर 27 नवंबर, 2024 को दिया जाना है

ई-नीलामी के माध्यम से कोयला आबंटन

451. श्री गोडम नागेशः

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोयले की स्पॉट ई-नीलामी, बिजली क्षेत्र के लिए विशेष फॉरवर्ड ई-नीलामी और गैर-बिजली क्षेत्र के लिए विशिष्ट ई-नीलामी में सरकार द्वारा आज की तिथि तक कितनी मात्रा में कोयला आवंटित किया गया है; और

(ख) आज की तिथि के अनुसार वर्तमान वित्तीय वर्ष में देश में कोयले की कुल कितनी मात्रा का आयात किया गया है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा वर्ष 2015-16 से कोयले की स्पॉट ई-नीलामी, विद्युत क्षेत्र के लिए विशेष फारवर्ड ई-नीलामी और गैर-विद्युत क्षेत्र के लिए विशिष्ट ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित कोयले की कुल मात्रा निम्नानुसार है

			(आंकड़े लाख टन में)
नीलामी	कोयले की स्पॉट ई-नीलामी	विद्युत क्षेत्र के लिए विशेष फॉरवर्ड ई-नीलामी	गैर-विद्युत क्षेत्र के लिए विशिष्ट ई-नीलामी
वित्त वर्ष 2022-23	509.84	-	-
वित्त वर्ष 2021-22	358.98	412.46	256.64

वित्त वर्ष 2020-21	425.12	393.26	312.27
वित्त वर्ष 2019-20	298.31	271.24	80.33
वित्त वर्ष 2018-19	343.36	305.34	113.59
वित्त वर्ष 2017-18	551.65	289.32	111.09
वित्त वर्ष 2016-17	536.97	470.66	62.97
वित्त वर्ष 2015-16	574.11	137.94	15.18

सरकार ने वर्ष 2022 में मंजूरी दी थी कि कोयला कंपनियों के सभी गैर-लिंकेज कोयले को एक ई-नीलामी विंडो के माध्यम से बेचा जाएगा। तत्पश्चात् कोयला कंपनियां नई एकल खिड़की मोड एग्नॉस्टिक ई-नीलामी स्कीम के अंतर्गत ई-नीलामी कर रही हैं।

(ख) : वित्त वर्ष 2024-25 (सितंबर, 2024 तक) के दौरान देश में आयातित कोयले की मात्रा 129.52 मि.ट. (अनंतिम) है।

****